हड़ताल | ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में हड़ताल रही सफल

मेडिकल स्टोर रहे बंद, मरीज होते रहे परेशान

कुम्हारी नवभारत । दवा व्यापारियों के बंद का असर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक देखने को मिला। व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा व्यापार केवल बाजार की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि वर्षों पुराने स्थानीय दवा व्यापार, व्यापारियों की आजीविका और मरीजों के विश्वास पर सीधा प्रहार है।

मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर कई स्थानीय मेडिकल स्टोर बंद रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका व्यापक असर देखने को मिला, जहां कई मेडिकल दुकानें बंद पाई गईं। दवा लेने पहुंचे मरीजों और परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग आवश्यक दवाइयों के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव से छोटे दवा व्यवसायियों पर संकट गहराता जा रहा है।

व्यापारियों के हितों की रक्षा करने की मांग

उनका मानना है कि स्थानीय मेडिकल स्टोर केवल व्यापार का माध्यम नहीं बल्कि मरीजों को तत्काल सलाह और जरूरत के समय सहायता उपलब्ध कराने का भरोसेमंद केंद्र भी हैं। मेडिकल व्यापारियों ने शासन से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने तथा स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा करने की मांग की है।कुम्हारी मे माँ मेडिकल, जैन मेडिकल, राहुल मेडिकल, आदि बंद रहे!

दमोह तहसील के सभी गणना सुपरवाइजर की बैठक संपन्न

नवभारत,दमोह। दमोह तहसील अंतर्गत समस्त गणना पर्यवेक्षकों की बैठक चार्ज अधिकारी पारुल जैन ने तहसील सभा कक्ष में लेते हुए सभी पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि सभी प्रगणकों के द्वारा सिंक किए गए डाटा की सूक्ष्मता पूर्वक जांच करें तथा जिन प्रश्न में भी आपत्ती पूर्ण उत्तर प्रगणकों द्वारा दर्ज किए गए हैं उनकी एक बार जांच कर ले इसके अलावा उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों को दो दिवस में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया नजरी नक्शा हेतु उन्होंने बताया कि निश्चित सीट में ही नजरी नक्शा तैयार किया जाए तथा किसी भी स्थिति में ए थ्री साइज से अधिक ना हो। तहसील अंतर्गत अभी भी 127 एचएलबी ऐसी है जिनका कार्य पूर्ण नहीं हुआ है यदि समय के पूर्व कार्य पूर्ण नहीं होता है तो ऐसे सभी सुपरवाइजर को नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

फर्जी डॉक्टर मामले में आरोपी हीरा कौशल गिरफ्तार

कूटरचित एमबीबीएस डिग्री व रजिस्ट्रेशन से करता था नौकरी,कई संदिग्ध जानकारी आई सामने

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

नवभारत,दमोह.फर्जी दस्तावेजों के आधार पर डॉक्टर की नौकरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस को फिर बड़ी सफलता मिली है.

पुलिस ने आरोपी हीरा सींग कौशल को भोपाल से गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया है.16 मई 26 को दमोह कोतवाली थाने में फर्जी व कूटरचित एमबीबीएस डिग्री,

मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक व पंजीयन दस्तावेज के आधार पर नियुक्त डॉक्टरों के विरुद्ध 2 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए थे. अपराध क्रमांक 479/26, धारा पास 318(3),338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत हीरा सींग कौशल पिता रामप्रकाश कौशल उम्र 45 साल, निवासी कौहेफिज़ा भोपाल, म.नं. बी-9 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल को गिरफ्तार किया गया.

> मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पृथक-पृथक टीम गठित की गई थी तथा सीहोर, राजगढ़ व भोपाल की पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा. बुधवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी हीरा कौशल को भोपाल से गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी से कई संदिग्ध व महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है.पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है.

बागेश्वर धाम सरकार की साधना की सफलता हेतु हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

नवभारत,दमोह .पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की साधना की सफलता की कामना को लेकर बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह द्वारा मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया.

यह आयोजन लगातार दूसरे मंगलवार दमोह जनपद के पास स्थित संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में किया गया. आयोजन में शिष्य मंडल के सदस्यों ने 5 बार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर बागेश्वर धाम सरकार की साधना की निर्विघ्न पूर्णता के लिए प्रार्थना की.इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंदिर पुजारी पं. अजय गर्ग,बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह के प्रभारी अखिल टंडन,राकेश अग्रवाल, दिनेश असाटी, आशीष चतुर्वेदी, विनय असाटी,अतुल सोनी सहित शिष्य मंडल के लगभग 100 सदस्य उपस्थित रहे.आयोजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया.शिष्य मंडल ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को यह आयोजन निरंतर जारी रहेगा.

कृषि उपज मंडी में चोरी की घटनाएं बनीं सिरदर्द

- व्यापारी संघ ने उठाए सवाल
- अध्यक्ष नरेंद्र बजाज बोले - बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं होती कार्रवाई,
- असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

नवभारत,दमोह. शहर की कृषि उपज मंडी में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं.दाल मिल, ऑयल मिल व अनाज व्यापारी संघ दमोह के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज ने मंडी में लगातार हो रही चोरियों पर नाराजगी जताई है.

नरेंद्र बजाज ने बताया कि दमोह कृषि उपज मंडी में निरंतर चोरियां हो रही हैं.अनेकों बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती.पूरे मंडी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का डेरा बना हुआ है, जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है.उन्होंने कहा कि बार-बार वीडियो और पत्रों के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया जाता है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई.

> व्यापारियों का माल सुरक्षित नहीं है और रात के समय मंडी परिसर में असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं .व्यापारी संघ ने प्रशासन से मंडी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने, सीसीटीवी कैमरे चालू कराने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है . साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे .

भीषण गर्मी में विदारी घाटी पर फूटा पानी का झरना

लोग हुए आश्चर्यचकित

नवभारत,जबेरा/दमोह.एक ओर भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र में लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विदारी घाटी पर अचानक पानी का झरना बहता देख लोग आश्चर्यचकित रह गए.घाटी से तेज बहाव में निकलते पानी को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई. कई लोग वहां खड़े होकर सेल्फी लेते नजर आए तो कुछ लोगों ने गर्मी से राहत पाने के

लिए झरने के नीचे नहाने का आनंद भी लिया.अचानक पानी बहने की जानकारी मिलने पर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं. बाद में जब इसकी सूचना नल-जल विभाग के अधिकारियों को दी गई तो उन्होंने बताया कि विदारी स्थित पानी टंकी की सफाई का कार्य किया जा रहा था.टंकी की सफाई के दौरान पानी छोड़े जाने के कारण घाटी क्षेत्र में झरने जैसा दृश्य दिखाई दिया.अधिकारियों की जानकारी के बाद लोगों की जिज्ञासा और आशंका का समाधान हुआ.अचानक बने इस नजारे ने भीषण गर्मी के बीच लोगों को कुछ समय के लिए राहत और आकर्षण का अवसर जरूर दे दिया.

धर्मपुरा रेलवे फाटक पर हार्डवेयर व्यापारी से मारपीट कर लूट, सीएसपी-टीआई मौके पर पहुंचे

नवभारत,दमोह.सिटी कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुरा रेलवे फाटक पर बुधवार रात हार्डवेयर व्यापारी से मारपीट और लूट की घटना सामने आई है. घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी एच.आर. पांडे, कोतवाली टीआई मनीष कुमार,सब इंस्पेक्टर सियाराम सिंह सहित पुलिस जिला अस्पताल व घटनास्थल पर पहुंची.घायल व्यापारी की पहचान रानू उर्फरजनीश साहू पिता महेश उम्र 30 वर्ष, निवासी फुटेरा वार्ड-4 के रूप में हुई है.पुलिस ने घायल व स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली.प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना को अंजाम देने में पप्पू उर्फआशिक और उसके पिता पुल्लि के शामिल होने की बात सामने आई है.पुलिस दोनों आरोपियों की भूमिका की बारीकी से जांच कर रही है.टीआई मनीष कुमार ने बताया कि मामले में जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल घायल व्यापारी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है.

नगर पालिका संयुक्त कर्मचारी संघ ने सीएमओ से अभद्रता मामले में सौंपा ज्ञापन

कलेक्टर-एसपी से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग, प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन

नवभारत,दमोह. नगर पालिका संयुक्त कर्मचारी संघ सामान्य व सफाई संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर आरएल बागरी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में विगत दिवस मुख्य नगरपालिका अधिकारी के साथ की गई अभद्रता की घटना का उल्लेख करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई.संगठन ने मांग की कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए दोषियों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए. संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि शासकीय कार्य में बाधा डालने व अधिकारी-कर्मचारियों से अभद्रता करने वालों पर कठोर कार्रवाई जरूरी है, ताकि नपा का काम सुचारू रूप से चल सके.इस पर जिला प्रशासन ने संगठन को आश्वस्त किया कि मामले में संलिप्त आरोपियों पर शीघ्र ही कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी से अभद्रता मामला कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद दमोह राजेंद्र सिंह लोधी के साथ हुई अभद्रता की घटना को लेकर एक साथ हटा राजेंद्र खरे, पटेरा प्रेम सिंह चौहान, हिंडोरिया गजेन्द्र सिंह, सीएमओ पीयूष ने गुरुवार को कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया . ज्ञापन में मांग की गई कि सीएमओ के साथ अभद्रता करने वाले आरोपियों पर शीघ्र कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए .साथ ही भविष्य में शासकीय कार्य के दौरान इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं . कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है .

आमचोपरा में डीपी में लगी आग, बच्चों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

- फॉल्ट से जल गई ट्रांसफॉर्मर डीपी,लगी नई डीपी

नवभारत, दमोह. शहर के आमचोपरा क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की रात विद्युत डीपी में अचानक फाल्ट होने से आग लग गई.गनीमत रही कि मौके पर मौजूद छोटे बच्चों की जागरूकता से समय रहते सूचना दे दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया और आग पर काबू पाया जा सका.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि बच्चे समय पर सूचित न करते तो आग फैल सकती थी और आसपास के क्षेत्र की बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती थी. सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सप्लाई बंद कर आग

बुझाई.विद्युत डीपी पूरी तरह जल जाने के कारण क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई है. विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों ने बुधवार को नई डीपी बदली. रात में बिजली न रहने से आमचोपरा क्षेत्र के रहवासियों को सुबह तक बिजली का इंतजार करना पड़ा और परेशानी हुई ।स्थानीय लोगों ने बच्चों की सूझबूझ की सराहना की है.

एक नजर में

रेलवे स्टेशन पर रोज सज रही श्री शिव साईं रसोई

नवभारत,दमोह। नर सेवा ही नारायण सेवा हैष्कृइस सनातन संदेश को धरातल पर उतारते हुए दमोह शहर में पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) के पावन अवसर पर भक्ति और सेवा का एक अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है .जहां एक ओर श्रद्धालु पूजा-पाठ और अनुष्ठानों में लीन हैं,वहीं दूसरी ओर शहर के रेलवे स्टेशन पर भूखों और दीन-दुखियों को तृप्त करने का एक महायज्ञ चल रहा है .परम पूज्य पंडित कमलेश्वरानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में और श्री शिव साईं सेवाभाव परिवार (श्री शिव साईं धाम, वेलाताल टापू,दमोह) के सौजन्य से स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन विशाल नि:शुल्क भोजन व्यवस्था (अन्नक्षेत्र) का संचालन किया जा रहा है .इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर में कोई भी बेसहारा,मुसाफिर या दीन-दुखी रात को भूखा न सोए .

रसिक संत किशोर दास महाराज के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में फल-बिस्कुट वितरण

नवभारत दमोह . परम पूज्य गुरुदेव भगवान रसिक संत श्री किशोर दास जी महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंगलवार को युवा नेता आलोक चौबे ने जिला अस्पताल पहुंचकर सेवा कार्य किया .आलोक चौबे ने अपने युवा साथियों के साथ जिला अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों को फल व बच्चों को बिस्कुट वितरित किए .उन्होंने कहा कि पूज्य गुरुदेव के जन्मदिन पर यह एक छोटा सा प्रयास है ताकि जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सके .इस सेवा कार्य में प्रमुख रूप से नैतिक रजक, नैतिक वाल्मीकि, नैतिक पाठक, हरि ओम गौरवा रजक, तनु पटेल, अंकुर नामदेव,गौरव रजक गोलू भैया सहित समस्त युवा साथियों ने अहम भूमिका निभाई .अस्पताल प्रबंधन व मरीजों के परिजनों ने युवा टीम के इस प्रयास की सराहना की .

श्रीमती कांति देवी नायक का निधन

नवभारत,दमोह .अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि पंडित बिहारीलाल नायक की धर्मपत्नी व पंडित प्रमोद नायक, पंडित मुकेश नायक, पंडित नरेंद्र नायक तथा स्वर्गीय पंडित सतीश नायक की पूज्य माता श्रीमती कांति देवी नायक का निधन हो गया है .वे अंकुश, अभिषेक और राहुल नायक, ब्रजवासी होटल की दादी मां थीं . उनका अंतिम संस्कार बुधवार शाम स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ .

58 लीटर कच्ची शराब जब्त

450 किलो महुआ लाहन नष्ट,8आरोपियों पर आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज

नवभारत,दमोह.कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के आदेश पर आबकारी विभाग ने बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. आबकारी अधिकारी रवीन्द्र खरे व सहायक जिला आबकारी अधिकारी के.पी. गांधी के निर्देशन में टीम ने जबलपुर नाका स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे कुचबंदिया मुहल्ले में दबिश दी.कार्रवाई के दौरान टीम ने 58 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब, 450 किलो महुआ लाहन और शराब बनाने के उपकरण जब्त किए. मौके पर ही महुआ लाहन को नष्ट किया गया.

कलेक्टर आकस्मिक रूप से पहुंचे ग्राम आनू और बांदकपुर

- डॉक्टर का 3 दिवस का वेतन कांटने के दिये निर्देश
- 2 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही
- पीडीएस दुकान के सेल्समैन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश

नवभारत,दमोह. कलेक्टर प्रताप नारायण यादव अपने आकस्मिक भ्रमण के दौरान जिले के ग्रामीण अंचलो में पहुँचकर जमीनी हकीकत जान रहे है, इसी कड़ी में कलेक्टर आज प्रात: 10 बजे रवाना होकर ग्राम आनू और बांदकपुर पहुँचे। उन्होने यहां ऑगनबाड़ी केंद्रो और आयुवैदिक

औषधालय, उप-स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उचित मूल्य दुकानो का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाई गई कमियों के संबंध में कार्रवाई के निर्देश मौके पर दिये गये।

आयुर्वेद औषधालय में एक्सपायरी डेट की दवा पाई गई

आयुर्वेद अस्पताल बांदकपुर के आकस्मिक भ्रमण के दौरान यहां पर एक्सपायरी डेट की दवा पाये जाने पर कलेक्टर श्री यादव ने अप्रसन्नता जाहिर करते हुये जिला अधिकारी को सख्त निर्देश दिये, सभी जगह सुनिश्चित करें ऐसा कहीं न हो।

> **3 आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण ,2 केंद्रो में बच्चे नहीं मिलें,कार्यकर्ता दो जगह अनुपस्थित मिली, कड़ी कार्यवाही के निर्देश**
>
> जब कलेक्टर आंगनबाड़ी केंद्र 167 आनू पहुँचे तो आंगनबाड़ी खुली तो पाई गई, यहां पर बच्चे नही थे तथा कार्यकर्ता भी नही थी, सिर्फसहायिका मौजूद थी, इसी प्रकार 65 बांदकपुर आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे नही थे तथा कार्यकर्ता भी अनुपस्थित पाई गई। आनू का 81 नंबर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे मौजूद थे और नाश्ता हलवा बच्चों ने खाया था, 54 में 28 बच्चे उपस्थित पाए गये। कलेक्टर श्री यादव नें जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होने कहा जिले के दूरस्थ क्षेत्रो में इसी तरह लगातार आकस्मिक दौरे कर लापरवाही पर कार्यवाही की जायेगी।

मारपीट | दो कर्मचारी घायल, लूट के लगाए आरोप, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुये आरोपी

सागर नाका टोल बैरियर पर बदमाशों ने की तोड़फोड़

नवभारत,दमोह.देहात थाना क्षेत्र के सागर नाका टोल बैरियर पर मंगलवार रात टोल के पैसों के विवाद पर तोड़फोड़ और मारपीट की घटना घटित हुई है.इस घटना में दो कर्मचारी घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.वहीं आरोपियों ने टोल पर लगी लाखों रुपए की मशीन में तोड़फोड़ की है. इसके अलावा घायल कर्मचारी ने पैसों की लूट का आरोप भी लगाया है. यह पूरी घटना टोल नाके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. जिसमें 6 से अधिक बदमाश मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं. घटना के बाद देहात थाना पुलिस टोल बैरियर पहुंची और अन्य कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है.घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है.जानकारी के अनुसार दमोह सागर स्टेट हाईवे पर कोरासा गांव के आगे टोल नाका संचालित होता है. बताया सागर जिले के गढ़ाकोटा निवासी मुकेश यादव अपने साथियों के साथ टोल नाका पहुंचा.यहां टोल के पैसों को लेकर उसका कर्मचारियों के साथ विवाद हो गया.विवाद इतना बढ़ गया कि मुकेश यादव के साथ कार में मौजूद 6 से अधिक लोगों रहें.

लूट की घटना पर संदेह

घायल कर्मचारियों ने टोल नाके पर भले ही 15000 रुपए के आसपास की लूट की घटना के आरोप लगाए हैं,लेकिन वाहनों में अधिकांश फास्ट ट्रैक का उपयोग होता है और ज्यादातर लोग नगद देने की अपेक्षा कैशलेस का ही उपयोग करते हैं . इसके अलावा जब रात में दूसरी कर्मचारियों की शिफ्ट चालू होती है उसके पहले पैसों का हिसाब किताब भी हो जाता है .टोल नाका से गुजरने वाले वाहनों से 40-50 से लेकर 100 तक लिया जाता है .फिर भी कर्मचारियों ने आरोप लगाए हैं तो पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है .

> जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि रात में जानकारी लगी थी कि टोल नाके पर कुछ विवाद हुआ है .जिसमें दो कर्मचारी घायल हुए हैं .घायलों की रिपोर्ट पर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले में जांच की जा रही है .सीसीटीवी फुटेज में आरोपी लूट की घटना करते हुए नहीं दिखाई दे रहे हैं . वह केवल तोड़फोड़ कर रहे हैं . फिर भी वहां लगे सभी सीसीटीवी फुटेज जांचे जा रहे हैं और आरोपियों की तलाश में टीम रवाना की गई है .

5 माह से फरार अवैध शराब मामले का आरोपी गिरफ्तार

कुम्हारी नवभारत 20 मई । थाना कुम्हारी पुलिस ने अवैध शराब के मामले में पिछले 5 माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एवं एसडीओपी हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार थाना कुम्हारी में 175 .5 लीटर अवैध शराब के मामले में फरार आरोपी देवेंद्र राय को पुलिस ने गिरफ्तार किया.